**Sixteenth Loksabha**

>

Title: Regarding issues pertaining to North-West Delhi Parliamentary Constituency.

**डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। …(व्यवधान) पूरे दिल्ली में माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गठित मॉनटरिंग कमेटी का प्रकोप छाया हुआ है। गलत और सही का कोई भेद नहीं है। हजारों-लाखों इन्डस्ट्रीयल यूनिट्स, इवेन जो हाउसेज हैं, उनको सील किया जा रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा इन्डस्ट्रीज हैं, नरेला, बवाना, उद्योग नगर, मुंडका, बादली और मंगोलपुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, जहां लाखों यूनिट्स हैं। अधिकारी मॉनिटरिंग कमेटी का धमक जमाते हैं और उन यूनिट्स को भी सील करते हैं, जो सील करने लायक नहीं हैं, ताकि बाद में डी-सील करने के लिए, वे एक्सटॉर्शन कर सकें, पैसा ले सकें। यह बहुत ही गंभीर समस्या है। माननीय सुप्रीम कोर्ट का काम प्रशासन चलाने का नहीं है, संसद किस लिए है या राज्य सरकार किस लिए है? माननीय सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप गलत है। मॉनिटरिंग कमेटी भंग किया जाना चाहिए। कल शाम को बवाना इन्डस्ट्रीयल एरिया के सैकड़ों…(व्यवधान) जो राज्य सरकार द्वारा…(व्यवधान)

**HON. DEPUTY SPEAKER:** *m02 Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shrimati Meenakshi Lekhi, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Ramesh Bidhuri are permitted to associate with the issue raised by Dr. Udit Raj.